हमारी सरकार गरीबों के लिए है : रामनिवास

बैढ़न, देवसर, चितरंगी जंप क्षेत्र एवं ननि सिंगरौली तथा नप सरई बरगवां में 187 जोड़ों ने लिए सात फेरे

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 17 मार्च। जिले के बैढ़न, चितरंगी एवं देवसर विकासखण्ड एवं नगर निगम, नगर पंचायत बरगवां एवं सरई में आज दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया है। जहां 187 वर-वधू अग्नि देवता को साक्षी मानकर सात फेरे लिये।

अटल सामुदायिक भवन बिलौंजी में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 70 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। समारोह में उपस्थित सिंगरौली विधायक राम निवास शाह, देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह, ननि आयुक्त सविता प्रधान, उपायुक्त आरपी बैस सहित अन्य अतिथियों ने नव विवाहित जोड़ो के

पर पुष्प वर्षा कर उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर शहनाई धुन के साथ पुरोहितों के द्वारा मत्रोंच्चारण के साथ विवाह शुरू हुआ। विधायक रामनिवास शाह ने प्रदेश सरकार की जमकर तारिफ करते हुये कहा कि प्रदेश सरकार लगातार महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में मुख्यमंत्री कन्या विवाह ही नही, जन्म से लेकर मृत्यु तक सहायता राशि देने का काम कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यो की सराहना करते हुये कहा कि 2014 में कहा था कि हमारी सरकार गरीबो के लिए सरकार है। हमारी योजना गरीबो के लिए योजना है। वहीं आयोजन में ननि क्षेत्र के 13 तथा जपं क्षेत्र बैढ़न क्षेत्र के 57 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ ।

चितरंगी में 93 जोड़ों ने लिए सात फेरे

चितरंगी। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चितरंगी के खेल मैदान में आयोजित सामूहिक कन्या विवाह समारोह में 93 जोड़ो ने इश्वर का साक्षी मानकर पूरे विधि-विधान के साथ विवाह बंधन में बधे। सामूहिक कन्या विवाह समारोह का आयोजन राज्यमंत्री राधा सिंह के मुख्य अतिथि में सम्पन्न हुआ। समारोह के दौरान वर वधु पक्ष के लोगो के लिए स्वदिष्ट व्यंजनो का इंतजाम कराने के साथ ही ढोल-ढमाको का भी पूरा प्रबंध किया गया था। समारोह में विवाह बंधन में बंधे नव जोड़ो को अपना शुभाशीष देते हुयें राज्यमंत्री सिंह ने कहा कि हर मॉ बाप का सपना होता है कि उनके लाडली बेटी की डोली हसी खुशी के साथ उठे, विवाह में किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

देवसर, सरई व बरगवां में 24 जोड़ों का हुआ विवाह

वही जनपद पंचायत देवसर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 8, नगर परिषद बरगवा में 5 तथा नगर परिषद सरई में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 11 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। इस अवसर पर एसडीएम चितरंगी देवेन्द्र द्विवेदी, जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. रविन्द्र सिंह, जनपद अध्यक्ष चितरंगी सिया दुलारी तहसीलदार नागेश्वर पनिका, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मान सिंह सैयाम सहित ग्राम पंचायतो के सरपंच, पंच, वर वधु के परिजन मौजूद रहे।

गनियारी के सरकारी भूमि में दूसरे दिन दो मकानों पर चला बुलडोजर

17 कब्जेधारियों को शीघ्र घरेलू सामग्रियों को हटाने के निर्देश

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 17 मार्च। जिला मुख्यालय बैढ़न स्थित पीजी महाविद्यालय के लिए आरक्षित की गई भूमि में कब्जेधारियों पर आज दूसरे दिन भी कार्रवाई जारी रही है। आज दिन मंगलवार को हल्का पटवारी उमेश नामदेव एवं आरआई के मौजूदगी में दो मकानों पर बुलडोजर चलाया गया।

दरअसल गनियारी के शासकीय भूमि में पीजी महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए प्रस्तावित है। जहां करीब तीन दर्जन लोगों ने अवैध रूप से मकान बना लिया। हालांकि इन मकानों में बिजली भी पहुंच गई और अमृत जल योजना के तहत पानी भी पहुंचाने की योजना था। लेकिन संभागायुक्त एवं कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व अमला अतिक्रमण कारियों पर कार्रवाई कर रहा है। आज दूसरे दिन दो मकानों पर बुलडोजर चला है। 17 और कब्जेधारियों को मकान खाली कराने के निर्देश दिये गये हैं।

एक नजर में

रोजगार मेले में 86 आवेदकों का हुआ प्रारंभिक चयन

सिंगरौली। विकासखण्ड स्तरीय युवा संगम-रोजगार, स्व-रोजगार एवं प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला जिला प्रशासन, रोजगार कार्यालय, सूक्ष्म एवं लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग एवं आईटीआई सिंगरौली के द्वारा संयुक्त रूप से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, बरगवां में आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न कम्पनियों ने सहभागिता की। अत्यधिक संख्या में आवेदकों महिला एवं पुरुष ने उपस्थित होकर कम्पनियों में रोजगार के लिए आवेदन किये एवं काउंसिलिंग के माध्यम से मार्गदर्शन प्राप्त किया। रोजगार मेले में उपस्थित 8 संस्थाएं कंपनियों द्वारा 86 आवेदकों का प्रारंभिक चयन किया गया, जिसमें से 15 महिला आवेदक लाभांवित हुई। युवा संगम अंतर्गत रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप के लिए 18 आवेदकों को ऑफर लेटर प्रदान किये गये एवं 63 आवेदकों की कैरियर काउंसिलिंग की गई।

अत्याचार निवारण समिति की बैठक आज

सिंगरौली। अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1995 के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक का आयोजन कल दिन बुधवार को किया गया है। समिति की बैठक कलेक्टर गौरव बैनल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शांय 4 बजे आयोजित होगी।

सुपर-100 प्रवेश चयन परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी

सिंगरौली। सुपर-100 प्रवेश चयन परीक्षा 2026-27 के प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। जिला शिक्षा कार्यालय सिंगरौली से मिली जानकारी के अनुसार म.प्र. राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड सुपर-100 प्रवेश चयन परीक्षा 22 मार्च को होने जा रही है। परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र म.प्र. राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड की बेवसाईट पर लोड कर दिये गये हैं। डीईओ एसबी सिंह ने विद्यार्थियों से प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की अपील की है।

2 घंटे के अंदर मिली बालिका परिजनों ने ली राहत की सांस

नवानगर पुलिस की सक्रियता से मासूम बालिका बरामद

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 17 मार्च। नवानगर थाना पुलिस ने त्वरित एवं संवेदनशील कार्यवाही करते हुए डेढ़ वर्ष की गुमशुदा बालिका को महज 2 घंटे के भीतर बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में राहत और संतोष का माहौल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रात्रि लगभग 12:10 बजे डायल 112 के माध्यम से एक बालिका के गुम होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई और तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की गई। बताया गया कि बालिका की मॉ शिवकुमारी दोपहर में जंगल लकड़ी लेने गई थीं और बालिका को परिजनों के पास छोड़ गई थीं। लौटने पर बालिका घर पर नहीं मिली, जिसके बाद परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए बालिका के परिजनों से गहन पूछतांछ की। जांच के दौरान यह जानकारी सामने आई कि बालिका की मामी उसे बिना बताए अपने मायके ले गई थी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए रात्रि लगभग 2 बजे बालिका को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी अनिल पटेल, सउनि अजीत सिंह, प्रआर जितेंद्र सिंह सेंगर, आर अमृत सिंह राजपूत एवं दिलीप धाकड़ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अज्ञात बोलेरो की टक्कर से महिला घायल

सिंगरौली 17 मार्च (एनबीएन)। जिले के देवसर क्षेत्र अंतर्गत सहुआर पेट्रोल पंप के लिए जा रहे थे राष्ट्रीय राजमार्ग के अंदर सहुआर रोड में सड़क हादसा सामने आया है। जानकारी के अनुसार पति-पत्नी बाइक से जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही एक अज्ञात बोलेरो वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में लगभग 50 वर्षीय महिला शहीददुल निशा, पति मुख्तार अली, निवासी ग्राम पंचायत झखरावल के दाहिने पैर में चोट आई है।

जैतपुर एवं गहिलगढ़ में मां संतकर्मा जी का बनेगा मंगल भवन : शाह

मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद से जनपद पंचायत बैढ़न क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में साढ़े 12 करोड़ के निर्माण कार्य मंजूर

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 17 मार्च। सदर विधायक रामनिवास शाह के प्रस्ताव पर जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में 78 कार्य जिसकी लागत 12 करोड़ 52 लाख रूपये के विभिन्न निर्माण कार्यो की मंजूरी सरकार से मिली है। विधायक ने कहा है कि विकास कार्यो को लेकर प्रदेश एवं केन्द्र सरकार संवेदनशील है।

जानकारी के अनुसार सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह के प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री अधोसंरचना के तहत ग्राम

पंचायत गोभा, करौटी, बरहपान, हर्रहवा, झांझीटोला, ओखरावल, सासन, पिपराकुरंद, मझौली, भाऊखाड़, चाचर, पिपरा, सितुलखुर्द, मकरोहर, खम्हरिया, सिद्धिकला, सिद्धिखुर्द, कुम्हिया, चरगोड़ा, उर्ती के अलावा नगर निगम में वार्ड क्रमांक 20 जैतपुर एवं 37 गहिलगढ़ में मॉ संतकर्मा मंगल भवन कम्युनिटी हॉल निर्माण लागत क्रमशः 1 करोड़ 5 लाख एवं 1 करोड़ 15 लाख रूपये, साथ ही माजन पुलिया से कचनी मोड़ तक 11 केव्हीए लाइन फीडर एक्सटेंशन कार्य लागत 12 लाख रूपये, ग्राम पंचायत क्षेत्र पिपराकुरंद पश्चिम बस्ती में ट्रासफॉर्मर और विद्युत्त पोल तार, विद्युत्तीकरण तार लागत 6 लाख रूपये की मंजूरी दी गई है। वहीं ग्राम पंचायतों में पुलिया, पीसीसी सड़क, बाउंड्रीवॉल, नाली निर्माण, आंगनबाड़ी भवन, पेवर ब्लॉक, चेकडेम, ड्रेन के कार्य स्वीकृति किये गये हैं। सदर विधायक ने कहा कि प्रदेश एवं केन्द्र सरकार विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ पूरे प्रदेश का समग्र विकास तीव्र गति से हो रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की तारिफ करते हुये कहा कि प्रदेश के साथ-साथ भारत देश नई ऊचाइयों को छू रहा है।

पटवारी पर धमकी देने का आरोप, पीड़ित ने लगाई गुहार

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 17 मार्च। जिले के चुरकी क्षेत्र से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां हल्का पटवारी पर रिश्वत मांगने और बाद में धमकी देने के आरोप लगे हैं। पीड़ित महेन्द्र यादव, निवासी चुरकी तहसील दुधमनिया, ने कलेक्टर जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ित के अनुसार 1 फरवरी को हल्का चुरकी के पटवारी अम्ब्रीस बैस द्वारा भूमि संबंधी कार्य कराने के एवज में 36 हजार रुपये की मांग की गई थी। इस पर महेन्द्र यादव ने लोकायुक्त

कार्यालय रीवा में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर लोकायुक्त पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पटवारी को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। पीड़ित का आरोप है कि इस कार्रवाई के बाद से ही संबंधित पटवारी द्वारा उसे लगातार धमकियां दी जा रही हैं। पटवारी ने कथित तौर पर कहा कि वह उसकी जमीन बर्बाद कर देगा और जान से मरवा भी सकता है। इन धमकियों से पीड़ित और उसका परिवार भय के साये में जी रहा है। महेन्द्र यादव ने कलेक्टर से मांग की है कि संबंधित पटवारी का तत्काल स्थानांतरण किया जाए तथा उसे सुरक्षा प्रदान की जाए। साथ ही पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि आम नागरिकों में प्रशासन के प्रति विश्वास बना रहे।

चितरंगी में सिविल कोर्ट संचालन की मांग तेज

नवभारत न्यूज

चितरंगी 17 मार्च। चितरंगी में सिविल कोर्ट के शीघ्र संचालन को लेकर अधिवक्ताओं ने पहल तेज कर दी है। अधिवक्ता संघ चितरंगी के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष वीपी सिंह के नेतृत्व में जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बैढ़न से मुलाकात कर सिविल कोर्ट को जल्द शुरू करने की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल में अधिवक्ता सतानंद चतुर्वेदी, अनिल द्विवेदी एवं कामता सिंह शामिल रहे। इस दौरान अधिवक्ता संघ चितरंगी की ओर से अध्यक्ष बीपी सिंह ने जिला जज को बधाई भी दी।

औद्योगिक विकास के लिए सुरक्षा मानकों का पालन जरूरी : गौरव

एनटीपीसी विंध्याचल में वृहद औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 17 मार्च। औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संचालनालय, म.प्र. द्वारा आज दिन मंगलवार को क्षेत्रीय श्रम संस्थान आरएलआई में एक वृहद औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी मेजबानी एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा की गई।

इस कार्यक्रम में सिंगरौली, सतना, रीवा, सीधी, शहडोल एवं अनूपपुर जिलों की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों से 90

से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सिंगरौली कलेक्टर गौरव बेनल द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में किया गया। इस अवसर पर औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, म.प्र. की निदेशक नमिता तिवारी तथा एनटीपीसी विंध्याचल के परियोजना प्रमुख संजीब कुमार साहा विशिष्ट रूप से मौजूद रहे। अपने संबोधन में कलेक्टर ने सतत औद्योगिक विकास के लिए सुरक्षा मानकों के पालन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने उद्योगों में कार्यरत कर्मियों के नियमित प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए सड़क सुरक्षा एवं खदान सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की बात कही। वहीं नमिता तिवारी ने नवीन व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यस्थल परिस्थितियां संहिता के प्रावधानों की जानकारी देते हुए सुरक्षा घटनाओं की पारदर्शी रिपोर्टिंग के महत्व को रेखांकित किया।

अतिक्रमण से बाधित हुआ आम रास्ता, कलेक्टर से लगाई गुहार

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 17 मार्च। जिले के ग्राम गदसा में शासकीय भूमि पर अतिक्रमण का मामला सामने आया है, जिससे ग्रामीणों का आम निस्तार मार्ग बाधित हो गया है। इस संबंध में ग्रामवासियों ने जिला कलेक्टर से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

प्रार्थी श्याम नरेश सिंह एवं अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम गदसा स्थित शासकीय भूमि खसरा क्रमांक 104, रकबा 0.0500 हेक्टेयर के एक हिस्से पर शिवसागर सिंह पिता जागेश्वर सिंह एवं नीरज सिंह द्वारा पक्का और कच्चा मकान बनाकर अतिक्रमण किया जा रहा है। इससे गांव के लोगों के आवागमन में भारी

परेशानी उत्पन्न हो रही है और आम रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार इस मामले में पहले भी तहसीलदार, वृत्त परसौना के समक्ष म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 248 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया था। जिस पर 9 जनवरी 2026 को अतिक्रमण हटाने एवं अर्थदंड का आदेश भी पारित किया गया था। इसके बावजूद संबंधित पक्ष द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया है। पीड़ितों का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपित गाली-गलौज एवं मारपीट पर उतारू हो जाते हैं, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने बताया कि तहसीलदार को भी इस स्थिति से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि उक्त शासकीय भूमि से शीघ्र अतिक्रमण हटाकर आम रास्ता बहाल कराया जाए, ताकि गांव के लोगों को राहत मिल सके।

नव संवत्सर वर्ष में प्राकृतिक, सामाजिक या राजनीतिक स्तर पर उतार-चढ़ाव के संकेत : एनपी

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 17 मार्च। ज्योतिषविद् पं. डॉ. एनपी मिश्र महाप्रबंधक शिवधाम मंदिर बैढ़न के द्वारा नव विक्रम संवत्सर वर्ष आरंभ चक्र एवं सिंगरौली जिले के आरंभ चक्र का ज्योतिषीय विश्लेषण किया गया है।

नव विक्रम संवत्सर 2083 के आरंभ के साथ ही चैत्र नवरात्रि भी आरंभ हो रही है, जो मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव श्राम नवमी, 27 मार्च शुक्रवार तक रहेगी। बृहस्पति के राजा बनने और वित्त,



कृषि व पेट्रोलियम मंत्रालय की जिम्मेदारी भी मिलने के चलते नये व्यापारिक मार्ग खुलेंगे। बारिश तय समय पर होने से फसल अच्छी रहेगी, हालांकि साइबर ठगी की घटनाओं का ट्रेंड



बदलेगा। नव संवत्सर 2083 के शुरू होते ही ब्रह्मांडीय सत्ता और ग्रहों के मंत्रिमंडल में बड़ा फेरबदल देखने को मिलेगा, जिसका सीधा प्रभाव जनजीवन और प्रकृति पर पड़ेगा। आगे बताया कि प्रत्येक वर्ष का एक विशिष्ट नाम होता है, जो उसके संभावित स्वभाव और परिणामों का संकेत देता है। इस बार नववर्ष का नाम रौद्र है, आरंभ उत्तराभाद्रपद नक्षत्र में हो रहा और उस समय शुक्ल योग के साथ मीन लग्न रहेगा। रौद्र शब्द का अर्थ तीव्र या उग्र प्रवृत्ति से जुड़ा माना जाता है। इसी आधार पर यह अनुमान लगाया जाता है कि वर्ष के दौरान प्राकृतिक, सामाजिक या राजनीतिक स्तर पर उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। किसी घटना-दुर्घटना बड़ी जनहानि होने की संभावना है। गुरु और मंगल का संयोग कुछ विशेष परिवर्तनकारी घटनाओं का रहेगा, साथ ही गुरु की अतिचारी गति भी बहुत प्रभावित करेगी। ज्योतिष शास्त्र में इस तरह का संयोग असामान्य परिस्थितियों और तीव्र घटनाक्रमों का घातक माना जाता है। इस वर्ष प्रकृति में भी असाधारण हलचल देखने को मिल सकती हैं।

सफलता और चुनौतियों का मिश्रण

डॉ. एनपी मिश्र के अनुसार राजा बृहस्पति होने के कारण देशभर में आध्यात्मिक उन्नति और ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में अकल्पनीय प्रगति होगी। विशेषकर कृषि और उत्पादन सेक्टर में रिकॉर्ड सफलता मिलने के योग हैं। हालांकि मंगल के मंत्री होने से समाज में उग्रता, विवाद और रक्त संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। न्याय के देवता शनि की दृष्टि के कारण खनिज और तेल क्षेत्रों में कुछ प्रतिकूल प्रभाव दिख सकते हैं। चंद्रमा की स्थिति एक सफल मानसून की ओर संकेत कर रही है, लेकिन बुध के प्रभाव से महंगाई में तेजी आ सकती है। सोना और चांदी की कीमतों में भारी उछाल और उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। सरकारी राजकोष में वृद्धि होगी, लेकिन सुरक्षा और स्वास्थ्य मोर्चों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

सूर्य का प्रकोप अधिक, गर्मी पड़ने की संभावना

ज्योतिषविद् पं. के अनुसार तकनीक के बढ़ते उपयोग के साथ-साथ डिजिटल सुरक्षा को लेकर लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता होगी। वहीं दूसरी ओर समाज में धर्म और आध्यात्मिक प्रवृत्तियों का विस्तार भी देखने को मिलेगा। धार्मिक कार्यों, पूजा-पाठ और आध्यात्मिक चिंतन की ओर लोगों का झुकाव बढ़ेगा। जो व्यक्ति धार्मिक और संयमी जीवन जीते हैं, उनके लिए यह वर्ष विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध हो सकता है। भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है, सूर्य का प्रकोप अधिक रहेगा, जिससे तापमान में असामान्य वृद्धि हो सकती है, इसके बावजूद किसानों के लिए यह वर्ष सकारात्मक परिणाम देने वाला माना जा रहा है। कृषि क्षेत्र में सुधार, फसल उत्पादन में वृद्धि और मेहनत का फल मिलने के योग बन रहे हैं।